भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या. 4071
(सोमवार, 18 अगस्त, 2025/27 श्रावण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए)

पीएमआईएस के अंतर्गत कम भर्ती

4071. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधिः

क्या कारपोरेट कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत इसकी शुरुआत से अब तक कितने युवाओं ने इंटर्नशिप का लाभ उठाया है;
(ख) क्या सरकार कार्यान्वयन की धीमी गति और सीमित उपयोग को अपर्याप्त योजना या निजी क्षेत्र और कार्यान्वयन संस्थानों के साथ खराब समन्वय का संकेत मानती है और यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन की प्रभावशीलता में सुधार के लिए क्या उपाय किए गए हैं;
(ग) क्या सरकार ने इस योजना के अंतर्गत इतनी कम भर्ती के कारणों का पता लगाने के लिए कोई समीक्षा या मूल्यांकन किया है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ङ) क्या सरकार इस योजना को अधिक प्रभावी मॉडल के साथ पुनर्गठित करने की योजना बना रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क) और (ख): बजट 2024-25 में प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) की घोषणा की गई थी। इसका उद्देश्य पांच वर्ष में शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को योजना का एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसका लक्ष्य एक वर्ष में युवाओं को 1.25 लाख इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है।

पीएम इंटर्नशिप स्कीम पायलट प्रोजेक्ट के पहले दौर में, 280 साझेदार कंपनियों ने देश भर में पीएमआईएस पोर्टल पर 1.27 लाख से अधिक इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए। इसके सापेक्ष करीब 1.81 लाख अभ्यर्थियों से 6.21 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। साझेदार कंपनियों ने 82,000 से अधिक इंटर्नशिप प्रस्ताव दिए और 28,000 से अधिक अभ्यर्थियों ने इंटर्नशिप में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार किए। पहले दौर में 8700 से अधिक अभ्यर्थियों अपनी इंटर्नशिप में शामिल हुए।

9 जनवरी, 2025 को शुरू हुए पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के दूसरे दौर में, 327 साझेदार कंपनियों ने देश के 735 जिलों में 1.18 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर (पिछले दौर के नए और संपादित अपूरित अवसर) पोस्ट किए हैं। इस दौर में, 2.14 लाख से अधिक आवेदकों से 4.55 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। 12.08.2025 तक, साझेदार कंपनियों ने युवाओं को 82000 से अधिक प्रस्ताव दिए हैं और 24,000 से अधिक उम्मीदवारों ने इंटर्नशिप में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार किए हैं। वर्तमान में, प्रस्तावों को शुरू करने और इंटर्न द्वारा स्वीकृति/कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

इसके अतिरिक्त, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने पर्याप्त योजना बनाई है और योजना के प्रचार और कार्यान्वयन के लिए उद्योग, राज्य सरकारों, उद्योग संघों, शैक्षणिक संस्थानों आदि जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से समन्वय/काम कर रहा है। मंत्रालय देश भर में लक्षित समूहों तक पहुंचने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार कार्यकलाप भी कर रहा है।

(ग) और (घ): पीएमआईएस पायलट प्रोजेक्ट का प्राथमिक उद्देश्य व्यवसायों या संगठनों के वास्तविक जीवन के वातावरण में प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करके युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा किए गए समवर्ती मूल्यांकन और फीडबैक सर्वेक्षण के आधार पर, कॉल सेंटर द्वारा अभ्यर्थियों को किए गए आउटबाउंड कॉल और विभिन्न हितधारकों, जैसे उम्मीदवारों, उद्योग और उद्योग संघों और राज्य सरकारों से प्राप्त प्रतिक्रिया, आवेदकों के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करने या इंटर्नशिप में शामिल नहीं होने के कारण स्थान संबंधी विचार, इंटर्नशिप की अवधि, उच्च शिक्षा पूरा किया आदि हैं।

(ङ): पायलट प्रोजेक्ट एक महत्वपूर्ण चरण है जिसने पूर्ण रूपेण कार्यान्वयन से पहले अवधारणाओं, रणनीतियों और प्रणालियों के परीक्षण की अनुमति दी है। पीएम इंटर्नशिप योजना का पूर्ण पैमाने पर रोलआउट हितधारकों से प्राप्त प्रतिक्रिया, परामर्श और पायलट प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन के दौरान परिणामों के मूल्यांकन पर आधारित होगा।

******